हर्षोल्लास के साथ मनाई महात्मा गांधी जयंती

भीलवाड़ा। वाल्मीकी समाज द्वारा राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती बड़े ही हर्ष और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजन एकत्रित हुए और बापू के आदर्शों व उनके सत्य-अहिंसा के संदेश को स्मरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री छीतरमल गेंगट व अध्यक्षता पार्षद श्यामलाल मल्हौत्रा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत वाल्मीकि कॉलोनी, अरिहन्त हॉस्पिटल के पास, महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित जनों ने गांधीजी के जीवन दर्शन, स्वच्छता, समानता और समाज सुधार के संदेशों पर अपने विचार व्यक्त किए। समाज के वरिष्ठजन व युवाओं ने मिलकर बापू के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमान श्याम लाल जी मल्होत्रा, छीतर मल गेंगट और प्रहलाद आदिवाल ने अपने विचार रखे महात्मा गांधी जी की जीवनी पर प्रकाश डालकर पुष्प माला पहनकर जयंती मनाई। प्रहलाद आदिवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया एवं शहरवासियों को स्वच्छता और सद्भाव का संदेश भी दिया। अंत में सभी ने राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर लादू खोखर, शिवराज घावरी, लादू चांवरिया, सुरेश डागर, कमल कुचबंदा, प्रहलाद आदिवाल, राजू चंदेला, राकेश गेंगट, शिवकुमार चन्नाल, रामलाल गोयर, सुरेश चन्नाल, बंटी चन्नाल, कैलाश चंडालिया, महेंद्र चन्नाल, सुरेश लोट, रामचन्द्र व मातृशक्ति में जमादार श्रीमति कौशल्या देवी मल्होत्रा व रुकमा देवी सरपटा सहित अनेक महिलाएं व पुरुषों द्वारा आदि ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर माला पहनकर महात्मा गांधी की जयंती मनाई।

'रीको द्वारा औद्योगिक भूखण्डों की ई-नीलामी

भीलवाड़ा। रीको द्वारा भीलवाडा व चितौडगढ़ जिलों में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में 18 औद्योगिक भूखण्डों की ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन की प्रकिया प्रारम्भ की गई है।

रीको के परि0 उप महाप्रबंधक एस.के. नैनावटी ने बताया की भीलवाडा में औद्योगिक क्षेत्र ठ्रोथ सेन्टर हमीरगढ में 01 औद्योगिक भूखण्ड, रायला में 08 औद्योगिक भूखण्ड, बिजौलिया में 09 औद्योगिक भूखण्ड तथा चितौडगढ़ में आजोलिया का खेड़ा में 02 औद्योगिक भूखण्ड ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन के लिए उपलब्ध है। राइजिंग राजस्थान के अन्तर्गत राज्य सरकार के साथ एमओयू निष्पादन करने वाले निवेशक भी इस ई-नीलामी में भाग लेकर अपने प्रोजेक्ट के लिये भूमि का आवंटन प्राप्त कर सकते है। इच्छुक आवेदक को ऑनलाईन के माध्यम से रीको के बैंक खाते में अमानत राशि 7 अक्टूबर सायं 6.00 बजे तक जमा करानी होगी। ऑनलाईन बिडिंग 08 अक्टूबर से 10 अक्टूबर के मध्य होगी। आवंटन से संबंधित नियम एंव शर्ते, जमा कराई जाने वाली अमानत राशि का विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से संबंधित विस्तृत जानकारी...या...पर देखी जा सकती है। आवेदक को 25 प्रतिशत राशि का भुगतान जमा कराने के बाद शेष 75 प्रतिशत राशि का भुगतान 11 त्रैमासिक किश्तों में 8.50 प्रतिशत ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। 25 प्रतिशत राशि जमा कराते ही भूखण्ड का आवंटन पत्र एवं भूखण्ड का कब्जा निवेशक को प्रदान कर दिया जायेगा। आवंटी जिला उद्योग एवं वाणिज्यिक केंद्र द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकते है।

स्वाभिमान भारत एवं पतंजलि योग समिति का दल हरिद्वार रवाना

ब्यावर (निसं) स्वाभिमान भारत एवं पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी भारतेंदु श्रीमाली ने बताया कि हरिद्वार में 5 दिवसीय मुख्य शिक्षक का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। समिति के महामंत्री सुरेन्द्र खंडेलवाल ने जानकारी दी कि समिति के कोषाध्यक्षअमर चन्द मूंदड़ा के नेतृत्व में मुख्य योग शिक्षक प्रशिक्षण हेतु आज ब्यावर जिले से 12 जनों का दल हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। मीडिया प्रभारी प्रवीण मंगल में बताया कि श्री कृष्ण योग मंच सुभाष उद्यान से पांच मेंबर गए हैं। यह दल हरिद्वार में पतंजलि योगपीठ में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगा, जहां योग साधना, प्राणायाम एवं योग दर्शन पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

समिति के ब्यावर तहसील प्रभारी आनंद कुमावत और अन्य पदाधिकारियों ने प्रस्थान से पूर्व माल्यार्पण कर दल को शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर यह दल ब्यावर एवं आसपास के क्षेत्रों में योग जागरूकता को और अधिक प्रभावी ढंग से फैलाएगा।

राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जयंती पर जिला मुख्यालय पर आयोजित विविध कार्यक्रम

■ राष्ट्रिपता के आदर्शों पर चलने का किया आह्वान, रामधुन एवं प्रिय भजनों की सामूहिक प्रस्तुति से गुंजायमान हुआ वातावरण

भीलवाड़ा। राष्ट्रिपता महात्मा गांधीजी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में गांधीजी की प्रतिमा पर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह सहित अधिकारियों, कर्मचारियों, गांधीवादी विचारकों एवं आमजन ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर जिला कलक्टर संधू ने महात्मा गांधी के जीवन एवं कार्यों को स्मरण किया। गांधीजी के सत्य, अहिंसा और सेवा के आदर्शों को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान गांधीजी के प्रिय भजनों का श्रवण किया गया। रघुपति राघव राजा राम, वैष्णव जन तो तेने कहिए तथा ईश्वर अल्लाह तेरो नाम जैसे भजनों की सामूहिक प्रस्तुति में उपस्थित जनसमूह भावविभोर हुआ। इसी प्रकार नगर विकास न्यास, महात्मा गांधी अस्पताल तथा अन्य संस्थानों में भी गांधी जयंती के अवसर पर संगोष्ठी, पुष्पांजलि इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया, सचिव नगर विकास न्यास श्री ललित गोयल, उपखंड अधिकारी भीलवाड़ा, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, स्काउट्स एवं गाइड्स, गांधीवादी विचारक तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बुराई का प्रतीक रावण आखिर धू-धू कर जला

■ राजनेताओं सहित करीब दस हजार शहरी रहे मौजूद

अलवर। अलवर के दशहरा मैदान में रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले खड़े कर दिए और शोभायात्रा पुरुषार्थी धर्मशाला से दशहरा मैदान पहुंच गई । कैमरे की नजर से रावण का पुतला पहाड़ से भी ऊंचा नजर आ रहा था । 4 बजे से ही दशहरा मैदान पर भीड आना शुरू हो गई। जिसके कारण दोनों तरफ के रोड पर आवाजाही बढ़ गई। अधिकतर थानों के थानेदार जाब्ते के साथ पहुंच गए । दशहरा मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव रहें। वहीं वन राज्य मंत्री संजय शर्मा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली विशिष्ट अतिथि रहें। अलवर में आज विजयादशमी पर पुरुषार्थी समाज की ओर से दशहरा मैदान में रावण दहन किया जाएगा। 70 फीट ऊंचे रावण के साथ 65 फीट कुंभकरण और 60 फीट मेघनाथ के पुतले भी दहन होंगे। गाजियाबाद की टीम रंगीन आतिशबाजी कर और विवेकानंद चौक से झांकी निकलकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान पहुंच गई । करीब 10 हजार लोगों की भीड एकत्रित हुई रावण के पुतले में करीब 1000 पटाखे लगाए हैं। वहीं दोनों पुतलों में 500-500 पटाखे लगे हैं। इस तरह कुल 2 हजार पटाखों से रावण दहन हुआ पुरुषार्थी समाज 1948 से अलवर में रावण दहन का आयोजन कर रहा है। इस बार मंच की व्यवस्था नई की गई है।

आजादी के आंदोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का योगदान अतुलनीय रहा

■ सत्य और अहिंसा के जिन सिद्धांतों को अपनाया, वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। गांधी जी का जीवन हमें सिखाता है कि अन्याय, असमानता और भेदभाव का मुकाबला केवल सत्य और अहिंसा के मार्ग से ही संभव है। हमें चाहिए कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें

भीलवाड़ा। राष्ट्रिपता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में प्रात: 11:15 बजे जिला कांठोस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर गांधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि ''आजादी के आंदोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का योगदान अतुलनीय रहा। उन्होंने सत्य और अहिंसा के जिन सिद्धांतों को अपनाया, वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। गांधी जी का जीवन हमें सिखाता है कि अन्याय, असमानता और भेदभाव का मुकाबला केवल सत्य और अहिंसा के मार्ग से ही संभव है। हमें चाहिए कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय और समानता पहुँचाने का संकल्प लें।''त्रिपाठी ने आगे कहा कि ''भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी देश की आत्मा को प्रकट करता है। उनका सादा जीवन और उच्च विचार हम सबके लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। गांधी और शास्त्री जी के आदर्शों का पालन ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।'' दुर्गेश पानेरी ने बताया कि,नगर निगम नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक ,पूर्व सभापति मधु जाजू, मंजू पोखरना, कैलाश सेन ,राजेंद्र जैन, प्रदेश कांठोस कमेटी सदस्य मनोज पालीवाल ,सेवादल जिला अध्यक्ष योगेश सोनी, महिला कांठोस अध्यक्ष रेखा हिरण, लाजपत आचार्य, ईश्वर खोईवाल, ज्ञानमल खटीक ,पार्षद वसीम शेख, अर्चना दुबे, नरेंद्र सिंह गुड्डा, कलीम काजी, प्रकाश पितलिया, अनिल राठी, मोहम्मद रफीक शेख, मोहम्मद हारुन रंगरेज सुनील दत्त शर्मा, एडवोकेट ओमप्रकाश तेली रामेश्वर जाट गोपाल बांगड़, इब्राहिम पठान, एडवोकेट फारूक मंसूरी, मुश्ताक अली मंसूरी, भगत प्रजापत ,दीपमाला लोट, संदीप ट्रेलर, जाकिर खान, लक्ष्मण लोट, भूपेंद्र गोरन, सीपी खटीक, मुकेश खोईवाल, मुकेश गुसर, श्यामलाल पाराशर, गजानंदशर्मा, शांतिलाल धौलपुरिया, करिश्मा धौलपुरिया ,पूजा मेहरा, फरमान पठान, मोहम्मद इकबाल काजी, अली मंसूरी ,फारूक मोहम्मद मंसूरी, धनराज सिंह पुरावत, सहित कांठोस जन उपस्थित थे। साथ ही भोपाल क्लब के सामने गांधी मार्केट में एवं स्मृति वन में भी गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महात्मा गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। भाजपा किशनगढ़ मंडल की और से सेवा पखवाडा के अंतर्गत राष्ट्रिपता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। जिला मंत्री पंकज पहाडिया ने बताया की किशनगढ़ कोर्ट परिसर में महात्मा गांधी की मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। नगर परिषद स्थित शास्त्री चौक में लालबहादुर शास्त्री की मूर्ति पर माल्यार्पण कर भावांजलि दी। भाजपा जिला मंत्री पंकज पहाडिया, मंडल महामंत्री सूर्यप्रताप सिंह चौधरी ने इनके जीवन पर प्रकाश डाला।

जिले की बेटियों ने बनाए रखा फुटबॉल खेल में अपना दबदबा

डीडवाना , शहर की मारवाड फुटबॉल अकादमी के संरक्षक डॉ सोहन चौधरी द्वारा सुद्रासन गांव में संचालित एरीना सोकर अकादमी जहां गांव की बालिकाओं को फुटबॉल खेल से परिचित करवा बना दिया फुटबॉल चैंपियन राजस्थान के राज्य भर से आई कई बालिकाओं में से सिर्फ इसी गांव की अकादमी की करीब नौ बालिकाओं का राजकीय बालिका फुटबॉल कोटा अकादमी में चयन हुआ था जिसमें खिलाडी आफरीन बानो, हंसिका, कौशल्या, तनीषा मेहरा,साक्षी,नम्रता कंवर, कविता मेहरा, आदि शामिल है जो कि ब्यावर में आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कोटा अकादमी का प्रतिनिधित्व के रही है। अकादमी के कोच शादाब उस्मानी ने बताया कि इस अकादमी में डीडवाना जिले की भी बालिकाएं टॉप इलेवन में अपनी खेल प्रतिभा दिखा रही है जिसके साथ इस टीम ने चूरू को 5-0 से प्रतापगढ़ को 7-0 कैरथल तिजारा को 8-0 से जैसलमेर को 7-0 से हराकर सुपर लीग में प्रवेश कर बीकानेर से 2-2 स्कोर के साथ मैच ड्रॉ खेला इन बालिका खिलाडियों ने अपने खेल हुनर से नव निर्मित जिले का पूरे प्रदेश में नाम रोशन किया है साथ ही शहर की मारवाड फुटबॉल अकादमी व आरिन सोकर अकादमी को भी गौरवान्वित महसूस करवाया है ! इस उपलब्धि पर जिला सचिव फरहत अली व शहर के समाज सेवी अनेक खेल संघों के पदाधिकारियों ने बालिका खिलाडियों को शुभकामनाएं व उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

श्री राजपूत सभा ने जावली में मनाया विजयदशमी पर्व

■ शस्त्र के अलावा समाज उत्थान के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण। संस्कार रीती रिवाज को बनाए रखने का संकल्प

अलवर। विजयदशमी के पर्व पर मर्यादा पुरुषोत्तम विष्णु के अवतार भगवान श्री राम की पूजा अर्चना शस्त्र पूजन के साथ ही सामाजिक समरसता तथा क्षित्रय धर्म के पालन के साथ श्री राजपूत सभा तहसील लक्ष्मणगढ़ की ओर से यह कार्यक्रम शुरू हुआ। श्री राजपूत सभा तहसील लक्ष्मणगढ़ की ओर से सामाजिक संगठन के साथ जरूरतमंद समाज के लोगों की सेवा करने का संकल्प क्षित्रय राजपूत समाज की इस सभा में दोहराया।

अलवर रियासत के समय के ठिकाने जावली के कल्याण बाग के अंदर क्षित्रय राजपूत समाज की ओर से आयोजित विजयदशमी के पर्व के मुख्य अतिथि संजय सिंह नरूका, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट देवेंद्र सिंह राघव, राजपूत संगठन के भंवर सिंह नरूका, क्षित्रय जन संसद के जिला अध्यक्ष उदय सिंह भाटी, तथा अतिथि के रूप में बंसी सिंह परमार ओड राजपूत, प्रहलाद सिंह लोधा राजपूत, की उपस्थिति में राजा के नाम से विख्यात अशोक सिंह जावली ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया। पुष्प माला अर्पित की। वहीं इसी के दौरान लाइसेंस धारी समस्त अस्त्र-शस्त्र का पूजन किया गया। इस दौरान क्षित्रय राजपूत समाज की महिलाओं ने अपने उद्बोधन में कहा विजयदशमी का यह पर्व अपने आप में अलौकिक है। जहां बुराई पर अच्छाई की जीत तथा धर्म का साथ देने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम के आयोजन करने वाले के प्रति भी संगठन और शक्ति की बात कही गई। उधर महिला नेत्री का कहना था यह समय शस्त्र के अलावा शिक्षा से जोडऩे का है। वर्तमान समय में समाज की बालिकाएं बालक उच्च शिक्षा हासिल करें जिससे वह अपने और परिवार के समाज के गांव के भविष्य को सफल बना सके। राजपूत क्षित्रय समाज की महिलाओं का यह भी कहना था समाज के साथ-साथ दूसरे समाज की सेवा करने का संकल्प और संस्कार हमारे पूर्वजों के हैं उसको भी नहीं भूलना चाहिए।

मुख्य अतिथि संजय सिंह नरूका ने कहा अन्याय अत्याचार भ्रष्टाचार के खिलाफ लडक़र समाज को राष्ट्र को सशक्त बनाएं और यही संकल्प लेकर जाएं। अंत में राजा अशोक सिंह जवाली ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया । वहीं बाहर से आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार अभिनंदन लक्ष्मणगढ़ तहसील की श्री राजपूत सभा की ओर से किया गया हजारों की संख्या में क्षित्रय राजपूत समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। क्षित्रय राजपूत समाज की महिला अतिथि कमलेश देवी वह जर्मनी से पधारी हुई प्रतिष्ठित पूजनीय दादी अपना वक्तव्य दिया।

जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा की अध्यक्षता में कांग्रेस नेताओं ने मनाई गांधी जयंती

अलवर। जिला कांठोस कमेटी अलवर की ओर से कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा की अध्यक्षता में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती कांग्रेस के नवीन कार्यालय राजीव गांधी भवन, अम्बेडकर नगर, अलवर पर आयोजित की गई। कांठोस प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि कांठोसजनों ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जी एवम पूर्व प्रधान मंत्री लालबहादुर शास्त्री की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में योगेश मिश्रा, कॉर्डिनेटर के के शास्त्री, पीसीसी महासचिव अजीत यादव, प्रदीप आर्य, गफूर खान, रामबहादुर तंवर, अनिल जैन, रिपु दमन गुप्ता, जोगेंद्र सिंह कोचर, जे. डी. आर्यन, पप्पू प्रधान, जमशेद खान, जीत कौर, कमलेश सैनी, राकेश बैरवा, इम्तियाज़ खान, पुष्पेंद्र धावाई, प्रकाश गंगावत, नवीन शर्मा, राम प्रकाश शर्मा, मुकेश शर्मा, डॉ हुक्म सिंह, जगदीश सिंघल, सोनिया सारसर, बसमीना खान, साहून खान, रमन सैनी, रामस्नेही शर्मा, ओम प्रकाश सैन, संजय शुक्ला, जसमल खान, रहमत खान, अशोक नंदा, रामकिशन बैरवा,अशोक कुमार सोनी,शिवसहाय मीणा, राजेश कृष्ण सिद्ध, राम सिंह मीणा, धर्मपाल यादव, प्रेम सिंह मीणा, हरिराम जाटव, आसिम खान, रूपेंद्र शर्मा, रवि मीणा, दीपू सैनी, राम सहाय, लोकेश कुमार, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, कुलदीप, सुबेसिंह, पुष्पेंद्र कुमार, दुर्गा सिंह, राजेश विरमानी, देवेंद्र, कृष्णा देवी, शिवा, आमीन, विजय सौगत आदि कांठोस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लॉरेटो के जोयरिग फुटबॉल टीम के कप्तान

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। लॉडर्स कॉन्वेंट स्कूल भीलवाडा में आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय स्कूली अंडर 14 वर्षीय बालक वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के लिये अजमेर टीम की कप्तानी लॉरेटो कॉन्वेंट स्कूल किशनगढ़ के छात्र जोयरिग को सोपी। कोच सुधीर जोसफ ने बताया कि लॉरेटो कॉन्वेंट के मनीष रावत, भावेश मीणा का भी चयन राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

रामपुरा आगूचा खदान में स्वच्छोत्सव 2025 का समापन

■ इस पखवाड़े के दौरान खदान एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता से जुड़ी कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ संपन्न हुई

भीलवाड़ा। हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड की विश्व-प्रसिद्ध रामपुरा आगूचा खदान में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छोत्सव 2025 का आयोजन स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत, भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) अजमेर क्षेत्र के तत्वावधान में किया गया। इस पखवाड़े के दौरान खदान एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और पर्यावरण जागरूकता से जुड़ी कई महत्वपूर्ण गतिविधियाँ संपन्न हुईं।

विश्व की सबसे बड़ी और अत्याधुनिक जिंक-लेड रामपुरा आगूचा खदान, न केवल उत्पादन में अठाणी है बल्कि सतत विकास, पर्यावरण प्रबंधन और सामुदायिक कल्याण में भी उत्कृष्ट मानक स्थापित कर रही है। यह खदान जल-पॉजिटिविटी, अपशिष्ट प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल नवाचार की दिशा में निरंतर नई ऊँचाइयाँ छू रही है। पखवाड़े के दौरान , गाँव स्वच्छता पहल रूपाहेली और कोठिया ठााम पंचायतों में कचरा निस्तारण एवं सफाई कार्य के साथ व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। आवासीय क्षेत्र स्वच्छता अभियान के तहत् रामपुरा आगूचा खदान के आवासीय क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसी क्रम में रन फॉर हेल्थ एंड क्लीनलीनेस मैराथन का आयोजन जिंक कॉलोनी में किया गया, जिसमें कर्मचारियों, परिवारजनों एवं स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पर्यावरण मित्र पहल कर प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से कपड़े के थैलों का वितरण किया गया।

हरित पहल कर खदान एवं आवासीय क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें एक मेगा प्लांटेशन ड्राइव भी शामिल रही। छात्र सहभागिता कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों और एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता एवं पर्यावरण विषय पर निबंध और स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेताओं को हिन्दुस्तान ज़िंक प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। जिंक कॉलोनी, सुरक्षा बैरक एवं आसपास के क्षेत्रों में वरिष्ठ प्रबंधन और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता सैनिकों का सम्मान, उनकी निष्ठा और उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इस पूरे पखवाड़े के दौरान भारतीय खान ब्यूरो अजमेर क्षेत्र के क्षेत्रीय खान नियंत्रक चंद्रेश बोहरा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में, आगूचा आईबीयू सीईओ राम मुरारी, यूनिट हेड वेकेश चित्तौड़ा, खान प्रबंधक बसंत किशोर, तकनीकी प्रमुख विनोद सैनी, भूविज्ञान प्रमुख आशुतोष पाठक, सीएसआर हेड अभय गौतम, प्रशासनिक प्रमुख अभिमन्यु सिंह एवं पर्यावरण प्रमुख दिनेश पालीवाल सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे। स्वच्छोत्सव 2025 ने न केवल स्वच्छता और स्वास्थ्य का संदेश दिया, बल्कि हिन्दुस्तान ज़िंक की सतत विकास, सामुदायिक उत्थान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ किया।

सार-समाचार

रामनवमी के अवसर पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम

ब्यावर (निसं) श्री मद भागवत प्रभात फेरी परिवार द्वारा रघु नाथ जी के बड़े मंदिर पर शौर्य दिवस व बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक रामनवमी के अवसर पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जहां परिवार के सदस्यों द्वारा लाए गए शस्त्रों का विधिवत रूप से पूजन कर शस्त्रों के तिलक लगा मोली बांधी गई , पंडित जी द्वारा वैद मंत्रों के उच्चारण के बीच सभी सदस्यों ने राष्ट्र की सुरक्षा की शपथ ली ।परिवार के सदस्यों द्वारा जय श्री राम के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया , इस अवसर पर बडी संख्या में परिवार के महिला व पुरुष सदस्य मोजूद रहे ।

विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर एवं जन-जागरूकता

ब्यावर (निसं) राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान वर्ष के निर्देशानुसार, गांधी जयंती के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव कमल कुमार द्वारा विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविरों में अधिकार मित्रो द्वारा की जानकारी देते हुए बाल विवाह निषेध, बालिका शिक्षा, साथी कैंपेन, जागृति स्कीम, संवाद अभियान, महिला एवं बाल अधिकार, नारी सशक्तिकरण, बाल श्रम उन्मूलन, दहेज प्रथा उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों हेतु विधिक सेवाएं योजना-2015), हेल्पलाइन नंबर 15100, आगामी 13 दिसंबर को आयोजित हने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत एवं नि:शुल्क विधिक सहायता से संबंधित जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम सांसी बस्ती छावनी रोड, सावित्रीबाई अनुसूचित जाति छात्रावास, जिला कारागार एवं भगवानपुर देवमाली में आयोजित हुए। शिविरों में क्रमश: 30, 28, 45 एवं 20 लाभार्थियों की उपस्थिति रही यानी लगभग 123 लाभार्थी इनसे लाभान्वित हुए।इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर, वंचित एवं हाशिए पर रह रहे वर्गों को विधिक अधिकारों, नालसा की कल्याणकारी योजनाओं तथा न्याय तक सरल पहुँच के बारे में जागरूक करना है।

चंचल गिरी महाराज की 114वीं जयंती

ब्यावर (निसं) ब्रह्मलीन बजरबट्ट बाबा उर्फ चंचल गिरी महाराज की 114वीं जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुए। सूरजपोल गेट बाहर श्री प्रसन्न गणपति मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम दरबार, राधा कृष्ण, शिव परिवार व हनुमान जी की सजीव झांकियों ने भक्तो का मन मोह लिया। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। समाधि स्थल पर संत सम्मेलन व विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमे सैकड़ों श्रद्धालु व संत महात्माओं ने लिया आशीर्वाद लेते हुए प्रसाद ठाहण किया।

आकर्षण आतिशबाजी के बीच रावण के पुतले का दहन

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। दशहरा मेला कमेटी द्वारा नगर परिषद के सौजन्य से रविंद्र रंगमंच मैदान पर सतरंगी आकर्षण आतिशबाजी के बिच बुराई के प्रतिक 51 फिट के रावण, कुम्भकरण व मेघनाथ के पुतलो का दहन किया गया। रावण के पुतले ने आंख टिमटिमकार मुंह से आग निकाल उपस्थित जनसमुदाय का भरपूर मनोरंजन किया। संयोजक प्रदीप अगरवाल व अध्यक्ष रमेश चांडक के अनुसार इससे पूर्व सांवतसर में आयोज्य रामलीला से राम लक्ष्मण सीता, हनुमान सहित श्रीराम सेना की शोभायात्रा रामलीला चौक सांवतसर से रवाना होकर मुख्य चौराया होती हुई रविंद्र रंगमंच पहुंची, जहां राम-रावण, लक्ष्मण-मेघनाथ के बीच युद्ध संवाद हुआ। बाद भगवान श्रीराम द्वारा रावण के पुतले की नाभि में अग्निबाण चलाकर पुतले का दहन किया। प्रवक्ता अनिल लढ़ा, सहसंयोजक रामेश्वर सोलंकी के अनुसार आतिशबाजी के पश्चात आर ज्वेलर्स के सौजन्य से जोनी टोनी पपेट शो व इंडिया गोट टैलेंट के कलाकार संजय ढाका द्वारा उपस्थित समुदाय का हैरतअंगेज कारनामें दिखाकर मनोरंजन किया। मोहित अठावाल जितेंद्र मारोठिया, सत्यस्वरूप अठावाल ने बताया की कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, सभापति दिनेश सिंह राठौड़, उप सभापति मनोहर तारानी, आयुक्त सीता वर्मा, पूर्व सभापति सीताराम साहू, पार्षद सुशील अजमेरा, संदीप शर्मा, इषिप्त भारद्वाज, ईशान भारद्वाज, संजय भारद्वाज, रामेश्वर शर्मा व निर्मल अठावाल अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन

ब्यावर (निसं) गाँधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के पावन अवसर पर समाज कल्याण सप्ताह के अंतर्गत एवं नगर परिषद द्वारा चांग गेट स्थित गांधी सर्किल पर रामधुनी कार्यक्रम एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के तहत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना व रामधुनी का आयोजन किया गया। विधायक शंकर सिंह रावत ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता शपथ दिलाई तथा गांधीजी व शास्त्रीजी को नमन करते हुए कहा कि -स्वच्छता ही सेवा है। महात्मा गांधी का स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार होगा, जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे और समाज के सहयोग से इस अभियान को जन आंदोलन बनाए।जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती की सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि -स्वच्छता केवल जिम्मेदारी ही नहीं बल्कि यह हमारी जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। सभी लोग मिलकर इस अभियान में सहभागी बनें, तभी सच्ची श्रद्धांजलि महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी को दी जा सकती है।कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता सैनिकों का सम्मान किया गया एवं स्वच्छता किट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर कमल राम मीना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, नगर परिषद आयुक्त श्रवण राम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता अधिकारी विशाल सिंह सोलंकी, सहायक निदेशक अभिषेक गुजराती सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्टेडियम बनाने के लिए सांसद कोटे से 50 लाख का बजट मंजूर

अलवर। केंद्रीय मंत्री यादव आज सुबह भिवाडी पहुंचे और वहां मिलकपुर गांव के काली खोली स्थित बाबा मोहन राम मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं मंदिर पुनर्निर्माणके लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। वही मंदिर की गौशाला में गौ माता को चारा भी खिलाया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री यादव तिजारा पहुंचे और शंकरगढ़ आश्रम में भगवान शिव का जलाभिषेक किया और कुश्ती दंगल तथा मेले की शुरुआत की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री यादव सभी को विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है इस सब मिलजुल कर मनायें और अपने अंदर की ।भी बुराइयों को नष्ट कर अच्छाई की ओर कदम बढ़ाए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने तिजारा में स्टेडियम बनाने के लिए सांसद कोटे से 50 लाख बजट की घोषणा भी की। कार्यक्रम के दौरान तिजारा विधायक बाबा बालक नाथ, पूर्व विधायक मामन सिंह यादव, जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, संदीप दायमा सहित अनेक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इसके उपरांत यादव कोटकासिम कस्बा पहुंचे और रामलीला मैदान में श्री हनुमान मंदिर में धोक लगाई और रामलीला में पत्रो की वेश भूषा हेतू सिंगर भवन का शिलान्यास किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने रामलीला मंचन में श्री राम का अभिषेक किया। वही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया इसके बाद केंद्रीय मंत्री यादव किशनगढ़ दशहरा उत्सव पहुंचे और श्री राम का राजतिलक कर उनकी आरती की। भूपेंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में सभी को विजयदशमी पर की बधाई दी और कहां आज का भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है इसलिए सभी लोग लोकल फ़ॉर वोकल को अपनायें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नवरात्रों से जीएसटी में छूट कर सभी को राहत प्रदान की है।